विधानसभा / महत्वपूर्ण

# कार्यालय संचालक

## संचालनालय खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण

ब्लॉक–2, तृतीय तल, इंद्रावती भवन, नवा रायपुर, अटल नगर (छ.ग.)
(Telephone-0771-2511974, email- dirfood.cg@gov.in, website- www.fcs.cg.gov.in)

क्रमांक 64 /संचा.–वि.स. / 2026 नवा रायपुर, दिनांक 30 / 6 / 2026

प्रति,

1. **प्रबंध संचालक,**
   छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्या.
   अटल नगर, नवा रायपुर
2. **प्रबंध संचालक,**
   अपेक्स बैंक,
   अटल नगर, नवा रायपुर, छ.ग.
3. **कलेक्टर**
   जिला–बिलासपुर, मुंगेली,
   गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही, कोरबा,
   जांजगीर–चांपा, रायगढ़, सक्ती,
   सारंगढ–बिलाईगढ़, छत्तीसगढ़
4. **पंजीयक,**
   सहकारी संस्थाऐं,
   इन्द्रावती भवन, अटल नगर, नवा
   रायपुर

**विषय :– विधानसभा प्रश्न क्रमांक 756 तारांकित द्वारा श्री दिलीप लहरिया, सदस्य विधानसभा की जानकारी उपलब्ध कराने बाबत्।**

कृपया विषयांतर्गत विभाग से प्राप्त विधानसभा प्रश्न क्रमांक 756 तारांकित की प्रति संलग्न है।

उपरोक्त विधानसभा प्रश्न का उत्तर 'यूनिकोड फॉन्ट' में (परिशिष्टों की जानकारी भी 'यूनिकोट फॉन्ट' में) **दिनांक 02.07.2026** तक ई–मेल (dirfood.cg@gov.in) के माध्यम से हार्ड कॉपी एवं साफ्ट कॉपी सहित अनिवार्य रूप से भिजवाने का कष्ट करें। विधानसभा प्रश्न विभागीय वेबसाईट से भी डाउनलोड किये जा सकते है।

**संलग्न–उपरोक्तानुसार**

**सहायक संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

पृ.क्रमांक 65 /संचा.–वि.स. / 2026 नवा रायपुर, दिनांक 30 / 6 / 2026

**प्रतिलिपि :–**

समस्त खाद्य नियंत्रक / खाद्य अधिकारी, जिला– बिलासपुर, मुंगेली, गौरेला–पेण्ड्रा–मरवाही, कोरबा, जांजगीर–चांपा, रायगढ़, सक्ती, सारंगढ–बिलाईगढ़, छत्तीसगढ़। कृपया उक्त प्रश्न की जानकारी संचालनालय को निर्धारित समय–सीमा में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

**सहायक संचालक**
खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उप.संर

# छत्तीसगढ विधान सभा सचिवालय

**प्रश्न**

उत्तर भेजने का अन्तिम दिनांक : **10/07/2026**

वर्ग : 5 सदन में उत्तर देने का दिनांक : **17/07/2026** विभाग का नाम : **खाद्य, नागरिक आपूर्ति तथा उपभोक्ता संरक्षण**

विषय : **बिलासपुर संभाग में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी एवं भंडारण**

( **तारांकित** प्रश्न क्रमांक : **756** ) **श्रीदिलीप लहरिया**

क्या **खाद्य मंत्री** महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि -

(क) बिलासपुर संभाग में विगत तीन वर्षों (2023-24, 2024-25 एवं 2025-26) में समर्थन मूल्य पर कुल कितनी-कितनी मात्रा (मीट्रिक टन) में धान खरीदी की गई? उपार्जन केन्द्रवार, विकासखंडवार एवं वर्षवार जानकारी देते हुए बताएं कि प्रत्येक केन्द्र में लक्ष्य के विरुद्ध वास्तविक खरीदी कितनी हुई तथा कितने किसानों ने धान बेचा? (ख) उपार्जित धान को विगत तीन वर्षों में किन-किन संग्रहण केन्द्रों, गोदामों एवं राइस मिलों में कितनी-कितनी मात्रा में रखा गया? प्रत्येक केन्द्र की भंडारण क्षमता, वास्तविक भंडारण, एफसीआई/नान/मार्कफेड को परिवहन की स्थिति तथा वर्तमान में कितना धान शेष है? क्या किसी केन्द्र में क्षमता से अधिक धान खुले में रखा गया? यदि हाँ, तो केन्द्रवार विवरण दें? (ग) धान को धूप, वर्षा, नमी, आग एवं चूहों से सुरक्षित रखने हेतु विगत तीन वर्षों में कौन-कौन से प्रबंध किए गए? इस मद में कितनी राशि स्वीकृत एवं व्यय की गई? क्या किसी उपार्जन केन्द्र या संग्रहण स्थल पर धान खराब होने, भीगने, अंकुरित होने, चोरी अथवा चूहों से नुकसान होने की घटनाएँ हुईं? यदि हाँ, तो केन्द्रवार नुकसान, जिम्मेदार अधिकारियों के नाम तथा उनके विरुद्ध की गई कार्रवाई का विवरण दें?

**उत्तर :**

समस्त कलेक्टर (बिलासपुर संभाग)

मार्कफेड / अपेक्स बैंक

सहकारिता